

उच्च शिक्षा मंत्री ने 4 जी इंटरनेट और वेबसाइट का उद्घाटन करते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### हादसे का शिकार हुआ स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत का वाहन

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत का वाहन थलीसैण में हादसे का शिकार हो गया है। जानकारी के मुताबिक वह देहरादून आ रहे थे तभी रास्ते में उनका वाहन हादसे का शिकार हो गया। मंत्री धन सिंह रावत के साथ यूसीएफ चेयर मैन मातवर सिंह रावत, जिला सहकारी बैंक पौड़ी के अध्यक्ष नरेंद्र रावत और उनका स्टाफ सवार था। मंत्री रावत का वाहन पौड़ी में भरसार और चौरीखाल के बीच सड़क पर पाला होने से पलट गया। मंत्री सुरक्षित हैं। वह दूसरे वाहन से देहरादून जा रहे हैं।

### दून विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षा समारोह आज

**संवाददाता** देहरादून। दून विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षा समारोह कल यानी बुधवार को होगा। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल जनरल गुरमीत सिंह 2102 छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान करेंगे। इसके अलावा विवि के 93 मेधावियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। समारोह को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत संबोधित करेंगे। दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने पत्रकारों से कहा कि दीक्षा समारोह की थीम सशक्त नारी है। समारोह में समाजसेवक माता मंगला व श्रीमहंत देवेंद्र दास को डी–लिट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### मिंत्रा ने की मीना बाजार के लॉन्च की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। मिंत्रा ने साड़ियों, लहंगा, कुर्ती, शरारा, और घरारा तथा अन्य सूक्ष्म कारीगरी व डिजाईनर भारतीय पोषाकों के लिए मशहूर भारतीय परिधान ब्रांड, मीना बाजार के लॉन्च की घोषणा की है। यह देश में एक ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ इसकी पहली साझेदारी है। 1970 में स्थापित, मीना बाजार की शुरुआत दिल्ली में एक छोटे से स्टोर से हुई, जहां शुरुआत में प्रिंटेड साड़ियां बेची जाती थीं। आज यह विकसित होकर एक अग्रणी रिटेल चेन बन गया है।

### लखनऊ का बदमाश कबाबी दून में

**संवाददाता** देहरादून। लखनऊ के खाने का स्वाद लेने के लिए अब आपको लखनऊ जाने की जरुरत नहीं, अब आपको देहरादून में ही लखनऊ के खाने का स्वाद मिलेगा। दून वासियों को ये स्वाद चखाने के लिए खुल गया है बदमाश कबाबी। इसी रोड पर रविवार बदमाश कबाबी रेस्टोरेंट का उद्घघाटन मेयर सुनील उनियाल गामा ने किया। इस मौके पर बतौर विशेष अतिथि सीएमआई के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ महेश कुड़ियाल एवं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनंद सहित खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की डायरेक्टर अलका पांडेय मौजूद रही।

## उत्तराखंड में 3700 से अधिक होम स्टे पंजीकृत

**शुभकामनाएं**

■ पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुशासन सम्मेलन में बेस्ट प्रैक्टिस के तहत उत्तराखण्ड होम स्टे पर दिया प्रस्तुतीकरण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित सुशासन सम्मेलन (मुख्यमंत्री परिषद) में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्य की ओर से बेस्ट प्रैक्टिस के तहत उत्तराखण्ड होम स्टे पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान जानकारी दी गई कि राज्य में स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने, नये पर्यटन स्थलों को विकसित करने, पर्यटकों को राज्य की संस्कृति से परिचित कराने एवं पलायन को रोकने के उद्देश्य से राज्य में होम स्टे पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। होम स्टे के तहत राज्य में दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे योजना, ट्रेकिंग ट्रेक्सन सेंटर होम स्टे अनुदान योजना चलाई जा रही है। दीन दयाल



उपाध्याय होम स्टे योजना के तहत होमस्टे का पंजीकरण कराना अनिवार्य है। लाभार्थी को 15 लाख रूपये तक पूंजी सहायता एवं ब्याज सहायता 1.50 लाख तक दी गई है। 5 वर्षों हेतु राज्य जीएसटी की 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की गई है।

राज्य में 3700 से अधिक होम स्टे पंजीकृत हैं। 14.53 करोड़ की पूंजी सहायता वितरित की जा चुकी है। इस योजना से 8 हजार से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। राज्य सरकार द्वारा होम स्टे संचालकों को गांवों में पर्यटन के बुनियादी ढ़ाचे के विकास, निजी वेब–साईट पर होम स्टे विज्ञापित करने, सरकारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रचार, निःशुल्क प्रशिक्षण, ट्रैवल मार्ट में निःशुल्क भागीदारी एवं गुणवत्ता निर्धारण हेतु सरकार द्वारा ग्रेडिंग की सुविधाएं दी जा रही हैं।

राज्य में सीमान्त क्षेत्रों से पलायन रोकने एवं एवं पर्वतारोहण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाई जा रही ट्रेकिंग ट्रेक्सन सेंटर होम स्टे अनुदान योजना हेतु वित्तीय अनुदान की व्यवस्था है। इस योजना के तहत अक्टूबर 2021 तक 120 लाभार्थियों को 3.20 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है। सुशासन सम्मेलन के दौरान उत्तराखण्ड की ओर से अटल आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पी.एम.स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना एवं स्वामित्व योजना पर भी प्रस्तुतीकरण दिया गया।

प्रस्तुतीकरण के दौरान जानकारी दी गई कि अटल आयुष्मान योजना के तहत राज्य में 45.22 लाख आयुष्मान कार्ड निर्गत किये जा चुके हैं। कार्डों का वितरण निःशुल्क किया जा रहा है। चिकित्सालयों को एक सप्ताह के अन्दर भुगतान किया जा रहा है। शिकायतों के निवारण हेतु 155368 टोल फ्री कॉल सेंटर की सुविधा एवं पर्वतीय अंचल के चिकित्सालयों हेतु पैकेज दरों के अतिरिक्त 10 प्रतिशत प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत भारत सरकार से प्राप्त लक्ष्य के तहत फेज–1 में 12662 लाभार्थियों को चयनित किया गया जिसके सापेक्ष 12427 आवास पूर्ण हो चुके हैं। फेज–2 में भारत सरकार से 16472 आवास बनाने का लक्ष्य मिला है, जिस पर कार्यवाही गतिमान है। इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों को बर्तन खरीद हेतु प्रति लाभार्थी 5 हजार रूपये की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है। सभी पात्र भूमिहीन परिवारों को राज्य सरकार द्वारा भूमि पट्टा आवंटित किया जा रहा है। आवासीय कालोनियों के विकास के लिए बिजली, पानी, सड़क, नाली की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### राज्य में 2409 ग्रामों के 102291 अभिलेख तैयार

स्वामित्व योजना के तहत राज्य में 2409 ग्रामों के 102291 अभिलेख तैयार किये गये हैं। जिसमें से 98236 अभिलेख वितरित किये गये हैं। इस योजना के तहत चार जनपदों पौड़ी गढ़वाल, ऊधमसिंहनगर, हरिद्वार एवं देहरादून में सर्वेक्षण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष जनपदों में सर्वेक्षण कार्य की प्रक्रिया गतिमान है।

## आप की सरकार बनी तो उत्तराखंड में बनेंगे छह नए जिले

**जनसभा**

■ गारंटी पूरी न करूं तो केस कर देना मेरे खिलाफः केजरीवाल

**संवाददाता**

देहरादून/काशीपुर। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने काशीपुर में जनसभा में सरकार आने पर छह नए जिले बनाने की घोषणा की। कहा कि हमारी घोषणाएं भाजपा और कांग्रेस के नेताओं जैसे नहीं हैं। मैने आज चौथी घोषणा कि है इनके गारंटी योजनाओं के लिए डोर टू डोर कार्ड हमारे कार्यकर्ता बांट रहे हैं। इन कार्ड पर हमारे साइन हैं। अगर मैं इन घोषणाओं को पूरी न करूं तो मेरे ऊपर केस कर देना। मंगलवार को काशीपुर पहुंचे मख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रामनगर रोड स्थित एक होटल में महिला संवाद किया। उसके बाद मुख्यमंत्री काशीपुर के रामलीला मैदान में पहुंचे। यहां पर जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया भर में किसान आंदोलन से लंबा कोई भी आंदोलन नहीं चला। जिसमें देश के किसानों की जीत हुई। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान अलग–अलग देश के करीब 700 किसान शहीद हुए। यह भाजपा सरकार की तानाशाही रवैया की वजह से हुआ है। कहा कि उन्हें और आप पार्टी के नेता अजय कोठियाल को राजनीति करनी नहीं आती, उन्हें काम करना आता है। दिल्ली में काम करके दिखाया। आप की सरकार बनते ही प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी दिया जाएगा। दिल्ली में आप की सरकार ने 10 लाख युवाओं को नौकरी दी है। हालांकि, जब तक बेरोजगार बच्चों को नौकरी नहीं मिल जाती है तब तक हर महीने पांच–पांच हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता हम देंगे।

**यह होंगे छह नए जिले**

लंबे समय से काशीपुर सहित प्रदेश में छह जिले बनाने की मांग को अपने एजेंडे में शामिल करते हुए केजरीवाल ने कहा कि काशीपुर सहित छह नए जिले सरकार बनने के एक माह के भीतर बनाए जाएंगे। कहा कि काशीपुर,रानीखेत, डीडीहाट, रुड़की, कोटद्वार व यमुनोत्री शामिल है।

**शिक्षा व स्वास्थ्य पर बरसे**

कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्रों का ऐसा हाल बना रखा है कि यहां बड़े नेताओं को भी दिल्ली में इलाज के लिए जाना पड़ता है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का बिना नाम लिए कहा कि कोविड काल में यह हाल था कि उत्तराखंड में कोई अस्पताल नहीं था जहां उनका इलाज हो सके। शिक्षा व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली के सरकारी स्कूल पर देश में नजीर बन गए हैं, वहीं उत्तराखंड का हाल यह है कि पहाड़ों में स्कूल खंडहर बन गए हैं।

### सैन्य धाम के रूप में उत्तराखण्ड का पाचवां धाम किया जायेगा विकसित

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के सैनिक कल्याण, औद्योगिक विकास मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि सैन्य धाम के रूप में उत्तराखण्ड का पाचवॉ धाम विकसित किया जायेगा। 15 नवम्बर 2021 से शहीद सम्मान यात्रा का प्रारम्भ स्वाड गॉव से किया गया था जिसका समापन कल गुनियाल गॉव में हो जायेगा। 95 ब्लॉकों के कुल 1434 शहीद परिवारों से सम्पर्क करने के बाद यहॉ पर पवित्र कलश लाया जायेगा। समारोह के दौरान देहरादून के 204 शहीद परिजनों को सम्मानित भी किया जायेगा। शहीद द्वार का नाम पूर्व सीडीएस स्वर्गीय विपिन रावत के नाम पर किया जायेगा। 50 बीघा के अन्तर्गत बनने वाले शहीद धाम को 63 करोड रूपये की लागत से 02 वर्ष के भीतर तैयार कर लिया जायेगा तथा प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अब तक शहीदों के चित्र विवरण के साथ यहॉ पर लगाये जायेगे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।